हिंदी विभाग

CUPB/HINDI/2020/205
Date: 27-02-2020

अकादमिक एवं प्रशासनिक समिति (AAC) की बैठक का कार्यवृत्त

हिंदी विभाग की अकादमिक एवं प्रशासनिक समिति (**AAC**) की बैठक दिनांक 27-02-2020 को **12:00** बजे आयोजित की गयी जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित थे:

1. प्रोफेसर पंकज पराशर, प्रोफेसर
2. डॉ. राजेन्द्र कुमार सेन, सह प्रोफेसर एवं स्थानापन्न विभागाध्यक्ष (संयोजक)
3. डॉ. कुलभूषण शर्मा, सहायक प्रोफेसर
4. डॉ. दीपक कुमार पाण्डेय, सहायक प्रोफेसर

सर्व प्रथम विभाग के सदस्यों द्वारा प्रोफेसर पंकज पराशर को विभाग में प्रोफेसर के रूप में सेवारंभ करने पर उनका हार्दिक अभिनंदन किया गया।

मद संख्या – 1 विभाग के नए संकाय सदस्यों को विविध समितियों का संयोजक

समिति द्वारा डॉ. राजेंद्र कुमार को अकादमिक एवं प्रशासनिक समिति (AAC) का संयोजक तथा डॉ. दीपक कुमार पाण्डेय को पाठ्यक्रम विकास समिति (CDC) का संयोजक बनाया गया।

मद संख्या – 2 मध्यसत्र की परीक्षा आयोजन

समिति द्वारा मध्यसत्र की परीक्षा आयोजन हेतु चर्चा करते हुए निर्धारित समयावधि (03 मार्च से 13 मार्च) में परीक्षा करवाने के लिए डेटशीट निर्धारण किया गया।

मद संख्या – 3 सत्रांत परीक्षा हेतु प्रश्न बैंक

समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि सभी पाठ्यक्रम संयोजक अपने विषय से सम्बंधित 500 प्रश्न बनाकर निर्धारित समयावधि में अपलोड करेंगे।

मद संख्या – 4 पाठ्यक्रम हेतु पुस्तकें

समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि पाठ्यक्रम में सम्मिलित पुस्तकों की सूची बनाकर क्रय हेतु पुस्तकालय को भेज दी जाए।

मद संख्या – 5 मार्च मास में विशेष कार्यक्रम

समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि विभाग में मार्च मास 2020 में प्रोफेसर पंकज पराशर के निर्देशन में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन करवाया जाए जिसमें स्थानीय महाविद्यालयों से अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को आमंत्रित किया जाए।

Deepak

DAA-4779
2/3/2020

मद संख्या – 6 स्थानीय महाविद्यालयों में प्रचार हेतु योजना

समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया कि प्रोफेसर पंकज पराशर के निर्देशन में आगामी सत्र में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करने हेतु पंजाब के विविध महाविद्यालयों में जाने का कार्यक्रम बनाया जाएगा।जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय में प्रवेश हेतु मार्ग दर्शन किया जाएगा। इसके लिए विश्वविद्यालय से वाहन की सुविधा प्राप्त की जाएगी।

Deepak
डॉ. दीपक कुमार पाण्डेय
सहायक आचार्य

डॉ. कुलभूषण शर्मा
सहायक आचार्य

02/03/2020
डॉ. राजेन्द्र कुमार
सह आचार्य

02/03/20
आचार्य (डॉ.) पंकज पराशर
आचार्य